Title: Need for four laning of National Highway No. 3 between Maxi and Dewas in Madhya Pradesh - Laid.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर): अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश में मेरे क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 3, जो आगरा-मुम्बई राट्रीय राजमार्ग के नाम से जाना जाता है, की स्थिति मक्सी से देवास के बीच बहुत खराब है। रोड की चौड़ाई कम है। रोड की हालत जर्जर है, अनेक स्थानों पर रोड उखड़ा पड़ा है, रोड में गढ्ढे पड़े हैं। पुल-पुलिया सकरी होकर जर्जर है। इस मार्ग पर आवागमन का घनत्व बहुत अधिक है। मध्य प्रदेश के आसपास के आठ-नौ राज्यों के वाहनों और लोगों के आवागमन हेतु यह मार्ग अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि इस मार्ग को मक्सी और देवास के बीच फोर लेन **(चार लाईन)** माग बनाया जाये और इसको सुव्यवस्थित और मजबूत किया जाये।